इडेन रियलिटी ने लॉन्च किया एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एफोर्डेबल सोलर हाउसिंग प्रोजेक्ट

कोलकाता : रियल इस्टेट डेवलपर इडेन रियलिटी समूह ने शुक्रवार को सोलरिश सिटी श्रीरामपुर व सोलरिश जोका एफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट को लान्च किया है। शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इडेन रियलटी समूह के चेयरमैन सच्चिदानंद राय ने कहा कि सोलरिश बहुमंजिली परियोजना हमारे लिए महत्वपूर्ण है और यह सबसे बड़ी सफलता है। अब हम सोलरिश सिटी सिटी श्रीरामपुर व जोका में लॉन्च किया जा रहा है। श्रीरामपुर में सोलरिश परियोजना एशिया की दूसरी सबसे बड़ी हाउसिंग सोलर परियोजना होगी। 23 एकड़ में फैली परियोजना में हर आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। इसमें 1,2 और 3 बेड रूम के फ्लैट मिलेंगे। इसके अलावा यहा एक मॉल

भी रहेगा, जो कि लोगों की सभी जरूरतों को पूरा करेगा। यहाँ लगभग 4300 अपार्टमेंट होंगे। इस परियोजना को 2 चरणों में पूरी की जायेगी।

वही सोलरिश जोका 4.1 एकड़ में डायमंड हार्बर के करीब है। यहाँ 948 अपार्टमेंट होंगे। राय ने कहा कि कोलकाता में दाम ज्यादा होने के कारण जो लोग यहाँ खरीद नहीं पा रहे हैं, उनके लिए श्रीरामपुर तथा जोका में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में लोगों की समस्याओं पर भी समूह की ओर से ध्यान दिया जायेगा। इस मौके पर आर्किटेक्ट मलय घोष, अभिनेत्री गर्गी राय चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे। ●